Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 3rd October, 2023

Notification from UGC for NET Examination

82 विषयों में यूजीसी नेट के आवेदन 28 तक होंगे जमा

परीक्षा 6 दिसंबर से 22 दिसंबर तक आयोजित होगी

भास्कर संवाददाता | इंदौर

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) यानी यूजीसी नेट-2023 के दिसंबर 2023 एग्जाम के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, यूजीसी नेट के इच्छुक और अर्हता रखने वाले उम्मीदवार 28 अक्टूबर शाम 5 बजे तक वेबसाइट ugcnet.nta.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क का भुगतान 29 अक्टूबर रात 11.50 बजे तक कर सकते हैं। आवेदन पत्र जमा होने के बाद आवेदन विंडो 30 से 31 अक्टूबर को रात 11.50 बजे तक फिर से खोली जाएगी, ताकि उम्मीदवार अपने ऑनलाइन फॉर्म में संशोधन कर सकें। यूजीसी नेट दिसंबर 2023 की परीक्षा 6 दिसंबर से 22 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। एनटीए द्वारा परीक्षा केंद्रों की घोषणा नवंबर के आखिरी सप्ताह में की जाएगी।

एडमिट कार्ड दिसंबर में कर सकेंगे डाउनलोड

एडमिट कार्ड दिसंबर के पहले सप्ताह में जारी किए जाएंगे, ताकि अभ्यर्थी वेबसाइट से डाउनलोड कर सकें। उत्तर कुंजी और परिणाम की तारीखें अभी घोषित नहीं की गई हैं। इसकी तारीख एनटीए द्वारा बाद में घोषित की जाएगी। एग्जाम सिटी स्लिप रिलीज होने की तारीख नवंबर महीने के आखिरी सप्ताह में जारी की जाएगी।

यह है आवेदन शुल्क

यूजीसी नेट परीक्षा 2023 के लिए आवेदन करने के लिए जनरल कैटेगरी के कैंडिडेट्स को 1150 रुपए शुल्क देना होगा। वहीं ईडब्ल्यूएस और ओबीसी कैटेगरी के लिए शुल्क 600 रुपए है। इसी प्रकार एससी, एसटी और थर्ड जेंडर के लिए शुल्क 325 रुपए निर्धारित है।

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)